> "खुद पर विश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है।"

रितिका
बी०ए० द्वितीय वर्ष
अनुक्रमांक 12428

धरती का मूड ऑफ है!



धरती आज कल नाराज़ है। वजह? हमने उसे प्लास्टिक खिलाया, धुआँ पिलाया और कहा— "एडजस्ट कर लो।"

पेड़ काटते समय हम बोले "एक से क्या होगा?"
अब वही 'एक' हमें ढूँढ रहा है ऑक्सीजन के साथ।
हम मोबाइल चार्जर ढूँढ़ते हैं, लेकिन हवा बचाने का चार्जर नहीं।

तो भाई लोगों, पेड़ लगाओ, पानी बचाओ, प्लास्टिक भगाओ!
वरना अगला स्टेटस होगा— "साँस नहीं आ रही।"

अगर पेड़ नहीं लगाए, तो ऐसा दिन आएगा कि साँस लेते समय पूछना पड़ेगा— "यूपीआई (UPI) चलेगा?"

पेड़ लगाओ • पानी बचाओ • प्लास्टिक भगाओ
धरती को मुस्कुराओ

नेहा,
बी०ए० द्वितीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12406)

पर्यावरण संरक्षण: आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। वायु, जल, भूमि, वन और जीव-जंतु— यह सभी मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते हैं। मानव जीवन की प्रत्येक गतिविधि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण पर निर्भर करती है। लेकिन आधुनिक विकास, औद्योगीकरण और बढ़ती जनसंख्या के साथ पर्यावरण का संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ता जा रहा है।

आज वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और प्लास्टिक कचरे जैसी समस्याएँ वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी हैं। कारखानों से निकलने वाला धुआँ, वाहनों का बढ़ता प्रयोग और वनों की अंधाधुंध कटाई वातावरण में विषैली गैसों की मात्रा बढ़ा रही हैं। इसका परिणाम ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने है।

पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव केवल प्रकृति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। दमा, कैंसर, त्वचा रोग और कई अन्य बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल का संरक्षण, प्लास्टिक का सीमित उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा सोतों का प्रयोग और कचरे का सही प्रबंधन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही, सरकार द्वारा बनाए गए पर्यावरण संबंधी कानूनों का ईमानदारी से पालन करना भी जरूरी है।

अतः यह कहा जा सकता है कि पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं। जब हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण ही स्वस्थ और सुखी जीवन की कुंजी है।



स्वस्थ पर्यावरण सुरक्षित भविष्य

- पेड़ लगाएँ
- जल बचाएँ
- स्वच्छता अपनाएँ
- प्लास्टिक का कम उपयोग करें
- धरती को हरा-भरा बनाएँ



श्वेता देवी,
बी०ए० प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12519)

समय का दुरुपयोग



समय जीवन की सबसे मूल्यवान संपत्ति है, जिसे एक बार खो देने पर वापस नहीं पाया जा सकता। समय का दुरुपयोग व्यक्ति के जीवन को अव्यवस्थित और असंतुलित बना देता है। जो लोग समय का सही उपयोग नहीं करते, वे अपने लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते।

अनावश्यक कार्यों में समय नष्ट करना, आलस्य करना, मोबाइल और मनोरंजन में अधिक समय बिताना समय के दुरुपयोग के प्रमुख कारण हैं। समय का दुरुपयोग करने से कार्य अधूरे रह जाते हैं और तनाव बढ़ता है। इससे आत्मविश्वास में कमी आती है और अक्सर अवसर हाथ से निकल जाते हैं।

विद्यार्थी जीवन में समय का दुरुपयोग पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। समय का सही प्रबंधन ही सफलता की कुंजी है। हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए, क्योंकि जो व्यक्ति समय का सम्मान करता है, समय भी उसका साथ देता है।



> "समय का सही उपयोग, सफल जीवन की पहचान है।।"

रीता कुमारी,
बीए तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12322)

DREAM
LEARN
GROW
ACHIEVE
Good Students Bright Future
DIVYANKA
2025-26
सोच नई... दिशा नई... उज्ज्वल कल की ओर...
Better Ideas Better Tomorrow

जिंदगी की झलक

Life is a Beautiful Journey

कल एक झलक जिंदगी को देखा,
वो राहों पर मेरी गुनगुना रही थी।
फिर ढूँढ़ा उसे इधर-उधर,
वह आँख-मिचोली मुस्कुरा रही थी।
एक अरसे के बाद आया मुझे करार,
वो सहला के मुझे सुला रही थी।
हम दोनों क्यों खफा हैं एक-दूसरे से,
मैं उसे और वो मुझे समझ रही थी।
मैंने पुछ लिया– "क्यों इतना दर्द दिया कमबख्त तूने?"
वो हँसी और बोली– "मैं जिंदगी हूँ पगले, तुझे जीना सिखा रही थी।"



हर मोड़ पर कुछ सीख देती है जिंदगी...

खुशी चौधरी,
बीए तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12301)

मां की ममता

A Mother's Love is Forever

- किस तरह वो मेरे गुनाहों को धो देती है,
मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है।

बुलंदियों का बड़े से बड़ा निशान हुआ,
उड़ाया गोद में मां ने तब आसमां हुआ।

किसी को घर मिला हिस्सें में या दुकान आई,
मैं घर में सबसे छोटा था, मेरे हिस्से में मां आई।



साक्षी,
बीए प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12530)

मां
सिर्फ एक शब्द नहीं,
पूरा संसार है...

मत बांटो इंसान को

Different Faiths Same Humanity A Brighter World

मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर ने बांट लिया भगवान को।
धरती बांटी, सागर बांटा, मत बांटो इंसान को।

अभी राह तो शुरू हुई है, मंजिल घर की दूर है।
उजियाला महलों में बंदी, हर दीपक मजबूर है।

खुला न सूरज का संदेश हर घाटी, मैदान को।
धरती बांटी, सागर बांटा, मत बांटो इंसान को।

प्रिया
बी.ए. प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12536)



इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है...

आत्मनिर्भर भारत, स्वतंत्र भारत

Vocal for Local Stronger India

भारत को पुन: विश्वगुरू बनाना है और स्वदेशी को अपनाना है। आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कोरोना संकट के दौरान भारत की अथव्यवस्था की सुधारने के लिए की थी।

इस अभियान के द्वारा भारत में लोगों को कामकाज करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और यह तय भी किया जाएगा कि अगले कुछ सालों में भारत अपनी जरूरत की अधिकाश वस्तुएं अपने देश में ही तैयार करे अर्थात आत्मनिर्भर बने।

इस योजना का उद्देश्य यह है कि लॉकडाउन के कारण जितने भी मजदूर और किसानों कों इस संकट काल में नुकसान हुआ है, उनकी भरपाई की जाएगी और उन्हें लाभ भी पहुँचाया जाएगा।

स्वाति,
बीए प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12512)



READ LEARN GROW SHINE

DIVYANKA

A MAGAZINE BY BRIGHT MINDS

2025-26

सोच नई... दिशा नई... उज्ज्वल कल की ओर...

Good Ideas Better Society

भारत में सामाजिक मुद्दे: एक गंभीर चुनौती

शिक्षा
समानता
न्याय
जागरूकता
सशक्त समाज
उज्ज्वल भारत

भारत एक विविधताओं से भरा देश है, जहां विभिन्न धर्म, जाति, भाषाओं और संस्कृतियों एक साथ निवास करती हैं। इस विविधता के बावजूद हमारे समाज में कई ऐसे सामाजिक मुद्दे हैं, जो देश की प्रगति में बाधा बनते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सबसे प्रमुख सामाजिक मुद्दों में गरीबी शामिल है। आज भी देश की एक बड़ी आबादी बुनियादी सुविधाओं—जैसे भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित है। गरीबी के कारण अशिक्षा, बालश्रम और अपराध जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं। अशिक्षा भी एक गंभीर सामाजिक समस्या है। शिक्षा के अभाव में व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को नहीं समझ पाता। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और बालिकाओं में शिक्षा की कमी समाज के विकास को धीमा करती है।

लैंगिक असमानता भारतीय समाज की एक और बड़ी समस्या है। आज भी कई स्थानों पर महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार नहीं मिलते। दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाएँ इसका उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त जातिवाद, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी भी समाज को कमजोर बना रहे हैं। जाति के आधार पर भेदभाव सामाजिक एकता को तोड़ता है, जबकि भ्रष्टाचार देश की आर्थिक और नैतिक नींव को खोखला करता है।

"बदलाव हमसे ही शुरू होता है"

इन सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना होगा। शिक्षा, समानता और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही हम एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। जब तक समाज के सभी वर्गों को समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। हमें मिलकर सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध आवाज उठानी होगी और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना करनी होगी।



शबनम,
बीए प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12518)

हँसी का महत्व



A Smile Makes Everything Better

आजकल हंसी भी दुर्लभ होती जा रही है। बच्चे हों या बूढ़े, सभी के चेहरे पर चिंता, दुख, तनाव और उदासी ही अधिकतर दिखाई देती है। मुस्कुराते हुए चेहरों का तो मानो अकाल ही हो गया है।

क्या आप जानते हैं कि एक वयस्क मनुष्य एक बच्चे के मुकाबले केवल 30% ही हंसता है? यही कारण है कि आजकल का मनुष्य अनेक घातक बीमारियों का शिकार होता जा रहा है। हंसना सेहत के लिए उतना ही आवश्यक होता है, जितना कि भोजन करना। हंसने से शरीर में रक्त संचार भली प्रकार से होता है और अनेक प्रकार के रोगों एवं तनाव से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

Laugh More
Worry Less
Stay Healthy
Be Happy

अत: हमें अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर एक बच्चे की तरह हंसी और खुशी प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। आजकल टीवी पर भी ऐसे कार्यक्रम आ रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को हंसाना और कुछ समय के लिए लोगों को तनावमुक्त करना है।

आज तो यह नारा होना चाहिए—
"हंसो-हंसाओ, जीवन को खुशहाल बनाओ।"

नेहा,
बीए प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12520)



मुस्कान ही असली संपत्ति है...

रीत

बेटियां बोझ नहीं, समाज की शान हैं...

कौन जिम्मेदार है इन सब का?
ये रीत किसने बनाई हैं?
क्यों बेटियां ही होती पराई हैं?

वही मां-बाप हैं उसके भी,
वही घर उसका, वही आंगन भी।
उसने भी सजाए हैं सपने यहां,
वो भी हकदार है इन सब चीजों की।
फिर किस बात की होती लड़ाई हैं?
ये रीत किसने बनाई?
क्यों बेटियां ही होती पराई हैं?

दूसरे के घर जाना, वहां जाकर रहना,
उसका घर संभालना,
उसके मां-बाप को अपना कहना,
ठुकराकर अपने घर का वो आंगन आई हैं।
ये रीत किसने बनाई हैं?
क्यों बेटियां ही होती पराई हैं?



बेटी है तो कल है...
उसे बराबरी का अधिकार दो।

पायल,
बीए तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12310)

पहाड़

पहाड़ सिर्फ़ स्थान नहीं, एक भावना है...

नीले आसमान से बातें करते,
शांत खड़े ये ऊँचे पहाड़।

हरियाली की चादर ओढ़े,
लगते धरती के श्रृंगार।

घुमड़-घुमड़ कर बादल आए,
चूम लें इनकी हर एक चोटी।

झर-झर बहती निर्मल नदियाँ,
गुन-गुन करती मीठी बोली।

सूरज ढलता ढलानों पर,
सोना बिखरे हर एक ओर।

पहाड़ सिखाएँ धीरज हमको,
मौन में छुपा जीवन एक ज़ोर।



काजल,
बी.ए. तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12316)

READ
LEARN
GROW
SHINE

DIVYANKA

A MAGAZINE BY BRIGHT MINDS

2025-26

सोच नई...
दिशा नई...
उज्जवल कल की ओर...

Knowledge Today A Better Tomorrow

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हमारा दैनिक जीवन

Smarter Technology Brighter Lives

आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। पहले जो काम इंसान घंटों में करता था, आज वही काम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई (AI) कुछ ही सेकंड में कर देती है।

हम रोज अपने मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं—जैसे मोबाइल का फेस लॉक, वॉइस असिस्टेंट और गूगल मैप। जब हम किसी नए स्थान पर होते हैं या जाते हैं और रास्ता नहीं जानते, तब गूगल मैप हमें सही रास्ता दिखाता है। यह सब एआई की मदद से ही संभव हो पाया है।

Smart Phones

Education

शिक्षा के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत मददगार साबित हो रही है। आज छात्र ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपनी पढ़ाई को आसान बना रहे हैं। एआई आधारित ऐप्स छात्रों की कमजोरी पहचानकर उसी के अनुसार पढ़ने में मदद करते हैं। इससे समय की बचत होती है और समझ भी बेहतर होती है।

Healthcare

चिकित्सा क्षेत्र में भी ए.आई डॉक्टरों की सहायता कर रही है। आज मशीनें एक्स-रे और रिपोर्ट देखकर बीमारी की पहचान करने में मदद करती हैं। इससे इलाज जल्दी शुरू हो जाता है और कई बार मरीज की जान भी बच जाती है।

Navigation

हालाँकि इसके कुछ नुकसान भी हैं। अधिक मशीनों के उपयोग के कारण कुछ लोगों को नौकरी खोने का डर है। लेकिन अगर सही तरीके से इसका उपयोग किया जाए, तो यह इंसानों के लिए सहायक बन सकती है, न कि उसका स्थान लेने वाली।

Better Future

अतः हम कह सकते हैं कि एआई भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि आज की जरूरत बन चुकी है। सही ज्ञान और संतुलित उपयोग से एआई मानव जीवन को और भी आसान बना सकती है।

Ideas Intelligence Humanity Together

पायल,
बीए प्रथम वर्ष
(अनुक्रमांक: 12511)



हिंदी भाषा के स्तंभ: वर्णमाला और व्याकरण

हमारी भाषा हमारी पहचान

हिंदी की बैज्ञानिक मनभावना,
13 स्वर, 39 व्यंजन, अक्षर इस में 52।

कोई भी होना नाम अगर तो,
संज्ञा वह कहलाता,
संज्ञा के बदले जो आता,
सर्वनाम बन जाता।

कोई भी हो काम अगरतो,
क्रिया हम उसे कहते,
जिनका रूप कभी न बदले,
अव्यय वे होते।

पुरूष जाति का बोध कराते,
शब्द कहलाते पुल्लिंग,
स्त्री जाति का बोध कराते,
शब्द वही स्त्रीलिंग।

संख्या में हो एक अकेला,
होता एक वचन,
अगर एक से ज्यादा हो,
तो बनता बहुवचन।



तीन पुरूष हिंदी में होते — उत्तम, मध्यम, अन्य,
उत्तम मैं हूँ, मध्यम तुम हो, तीसरा होता अन्य।

जिन शब्दों का अर्थ एक सा,
पर्यायवाची शब्द,
एक-दूसरे से जो उल्टे, होते विलोम शब्द।



नेहा,
बीए द्वितीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12413)



Learn
Grow
Inspire
Succeed

DIVYANKA

A MAGAZINE BY BRIGHT MINDS

2025-26

सोच नई...
दिशा नई...
उज्जवल कल की ओर...

Good Teachers Brighter Futures ♥

शिक्षक



जीवन में जो राह दिखाए,
सही राह पर चलना सिखाए।
माता-पिता से पहले आता,
जीवन में सदा आदर पाता।
सबकी मान-प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्तव्य-निष्ठा जिससे।
मेरे मन को जो भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलाता।

कभी शांत है, कभी धीरा है,
स्वभाव में सदा गंभीर है।
काश हम उन जैसे बन पाते,
जो हमारे शिक्षक कहलाते।

रूचिका,
तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12311)

कल का क्या भरोसा?

कल का क्या भरोसा,
किसी की जिंदगी छोटी तो किसी की बड़ी होती है।
मौत किसी के दरवाजे पर,
तो किसी के सिर पर खड़ी होती है।

कौन जाने किसी के हिस्से में कल का सूरज आएगा कि नहीं,
जिससे मुंह फुलाकर बैठे हो आज,
वह क्या पता कल मिल पाएगा कि नहीं।

दिल से जुड़े रिश्तों को यूं ना गलतफहमियों का
शिकार बनाइए,
मनमुटाव की इस गांठ को इतना कसकर ना लगाइए।
यह वक्त की रेत हाथों से पल में फिसल जाएगी,
तुम आवाज लगाते रहोगे और वह बहुत दूर निकल जाएगी।

आज
कल
हमेशा

सिम्मी बाला,
बीए तृतीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12307)

हर दिन
एक नया अवसर है...
इसे संजोकर जीएँ... ♥

गीता सार

Life Teaches, Gita Guides ♥



जो हुआ, अच्छा हुआ,
जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है,
जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा।

तुम्हारा क्या गया, जो तुम रोते हो?
तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया?
तुमने जो लिया, यहीं से लिया,
जो दिया, यहीं पर दिया।

जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का था,
परसों किसी और का हो जाएगा।
परिवर्तन ही संसार का नियम है।

कविता कौशल
बीए प्रथम वर्ष
अनुक्रमांक: 12526

कर्म करो,
फल की चिंता मत करो... ♥

एक आम सा छात्र और उसकी खास कहानी

Small Steps Big Changes ♥

वह कोई टॉपर नहीं था। बस समय पर क्लास पहुंचना उसके लिए सबसे बड़ा एडवेंचर था। उसके सपने बड़े थे, पर नींद उनसे भी बड़ी। किताबें उसे देखती रहीं और वह मोबाइल को पूरी ईमानदारी से।

फिर एक दिन उसने कोई चमत्कार नहीं किया, बस इतना कहा— "आज थोड़ा बेहतर बनते हैं।" न पूरी रात पढ़ा, न दुनिया जीती; पर खुद से किया वादा निभाया। यहीं से फर्क पड़ा।

क्योंकि जिंदगी एक ही दिन में नहीं बदलती, पर एक फैसले से जरूर बनती है। तो अगर आज तुम भी आम से हो, तो परेशान मत होना, क्योंकि आम लोग ही अवसर खास बनते हैं।



प्रेंका देवी,
बीए द्वितीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12416)

Believe in Yourself ♥

Learn
Practice
Improve
Grow
Succeed

DIVYANKA
A MAGAZINE BY BRIGHT MINDS
2025-26

सोच नई...
दिशा नई...
उज्जवल कल की ओर...

Time
Today
Brighter
Tomorrow

समय का सदुपयोग

समय को पहचानो,
सपनों को
साकार करो।

समय जीवन की सबसे मूल्यवान संपत्ति है। जो समय का सही उपयोग करता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता हैं। बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। इसलिए हमें हर क्षण का सदुपयोग करना चाहिए।

सदुपयोग करने का अर्थ है— अपने कार्य को समय पर सही योजना के साथ पूरा करना। विद्यार्थी यदि समय पर पढ़ाई करें, गृहकार्य पूरा करें और अनुशासन में रहें, तो वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार किसान, व्यापारी और कर्मचारी समय का पालन करके उन्नति करते हैं।

जो लोग समय को व्यर्थ गँवाते हैं, वे अक्सर पछताते हैं। आलस्य, टालमटोल और असावधानी समय के सबसे बड़े शत्रु हैं। इसके विपरीत परिश्रम, अनुशासन और नियमितता समय का सदुपयोग सिखाते हैं।

महापुरुषों ने समय के महत्व को समझकर ही महान कार्य किए। इसलिए हमें भी समय का सम्मान करना चाहिए और हर दिन को उपयोगी बनाना चाहिए। अंत में यही कहा जा सकता हैं कि समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है।

पायल,
बी.ए, द्वितीय वर्ष
(अनुक्रमांक: 12424)

समय का सम्मान
ही सफलता की कुंजी है।



- समय पर पढ़ें
- लक्ष्य निर्धारित करें
- टालमटोल से बचें
- अनुशासन अपनाएँ
- हर दिन कुछ नया सीखें
- उपयोगी बनें, सफल बनें

अनुशासन
परिश्रम
नियमितता
सफलता

Time
Changes
Everything



"आज का सदुपयोग ही कल की सफलता है।"

Our Words... Our Roots... Our Identity...

Pahari Section Magazine

Student Voices... A Reflection of Our Culture







Proud to be Pahari

- Poems
- Articles
- Stories
- Thoughts
- Our Culture
- Student Corner

KNOWLEDGE
DISCIPLINE
CHARACTER
A BRIGHTER TOMORROW

Our Language
Our Heritage
Our People
Our Pahad
Our Pride

Write
Explore
Express
Inspire

Small Writers Make a Big Change ♡

Pahad ki Boli,
Dil se Nikalti Hai...

Pahari Section

Our Land
Our Language
Our Pride



Dr Mukta Mani
Teache Editor - Pahari Section



Diya
Student Editor - Pahari Section



Our Culture Our Pride

List of Pahari Section



S. No.	Name	Class	Roll No.	Title Name
1	Divyanshi Rana	B.A. 2nd	12407	मेरी कांगड़ा धरती
2	Payal	B.A. 3rd	12310	गाँब री जिंदगी
3	Kajal	B.A. 3rd	12316	चार सहेलियाँ
4	Diya	B.A. 3rd	12305	मम्मी पापा
5	Tamanna	B.A. 2nd	12404	मेहनत री राह, मेरा सपना
6	Preenka Devi	B.A. 2nd	12416	पढ़ाई ते दोस्ती, दूनूं भारी
7	Ajay Kumar	B.A. 1st	12522	एग्जाम टाइम
8	Samiksha	B.A. 2nd	12402	असाँ दा मझीण काँलेज
9	Shabnam	B.A. 2nd	12114	सैर हिमाचले दी
10	Neha Devi	B.A. 3rd	12309	मेरा चश्मा
11	Bharti	B.A. 2nd	12405	कुड़ियाँ वास्ते लोकाँ दी सोच
12	Aanchal Kumar	B.A. 3rd	12319	चाचा
13	Anshika	B.A. 3rd	12325	पुराणे दिन
14	Akash Rana	B.A. 2nd	12421	कुत्ते दा प्यार
15	Kabita Devi	B.A. 2nd	12410	खेलां दी शान
16	Payal	B.A. 1st	12502	सैर हिमाचले दी
17	Khushi Choudhary	B.A. 3rd	12301	माँ बाप रा प्यार
18	Ruchika	B.A. 3rd	12311	कुदरत माँ
19	Simmy Bala	B.A. 3rd	12307	बुजुर्गों री सीख

Voices from the Hills



PRESERVE
PROMOTE
CELEBRATE

हमारी भाषा
हमारी पहचान

पर्वतों की गोद में, शब्दों का संसार

शब्दों से
सजता है संसार

1 मेरी कांगड़ा धरती

मेरी कांगड़ा धरती
प्यारी,
पहाड़ाँ दी गोद बसी
सारी।

नदियाँ हँसण, हवाएँ गाण,
माटी बोले – एह मेरी जान।

माँ-बोली कांगड़ी मीठी लागे,
दिल ताईं सीधी ओके जागे।

जहाँ जाँव, याद एही आवे,
कांगड़ा बिन मन ना रावे।

जहाँ जाँव दुनिया दे कोणे,
याद आवे एह माटी सोगे।

कांगड़ा बिन दिल ना रावे,
एह धरती मेरी पहचान बनावे।



अपनी
माटी
अपना गर्व

Name : Divyanshi Rana
Class : B-A- 2nd
Roll No-: 12407

2 गाँव री जिंदगी

गाँव री जिंदगी बड़ी सादी ते सुखी होंदी ऐ।

सबेरे-सबेरे लोक उठीके कुएँ बाई दे ताजा-ताजा
पानी लोंदे, खेताँ जो जानदे। ताजी हवा ते हरियाली
मन नै शांति दिंदी ऐ।

गाँव विच लोक आपसी प्यारे ने रेंदे।
दुख सुख विच सब एक-दूजे दी मदद करदे।

त्योहारां ते मेल्यां विच खूब रौनक होंदी ऐ।
ढोल-नगाड़े बजदे, लोक नाच-गांदे।

गाँवाँ री खुराक सादी ते शुद्ध होंदी – मक्की दी
रोटी, साग, दही, छाछ। शहरां दे मुकाबले गाँव री
जिंदगी धीमी, पर सुकून भरी होंदी ऐ।

सादा
जीवन
उच्च
विचार

मेरा गाँव
मेरी पहचान

Name : Payal
Class : B-A- 3rd Year
Roll No-: 12310

3 चार सहेलियाँ

चार सहेलियाँ इक संग चलां,
हँसदी-खेलदी राह सजां।

छोटी-छोटी गल्लाँ करां,
दिन-रात सपने बुनें-बुनां।

दुख आवे ताँ साथ खड़ां,
सुख आवे ताँ गीत गवां।

इक दूजे नै हौसला देई,
हर मुश्किल सोखी बनां।

इक सहेली बोली मीठी,
दूजी हँसी नाल प्रीति।

तीजी समझदार सुलझी सोचां,
चौथी सब नै राह दिखी।

कच्चे रास्ते पक्के लागां,
साथ होवे ताँ डर न भागां।

चार सहेलियाँ संग होवें,
जीवन खुशियाँ नित लावां।

साथ है
तो हर राह
आसान है... ♡



सच्ची
दोस्ती
जीवन की
सबसे बड़ी
धन-संपत्ति है

Name : Kajal
Class : B-A- 3rd Year
Roll No-: 12316

4 मम्मी पापा (कांगड़ी कविता)

मम्मी पापा मेरा जहान,
इना बिना सुन्ना हर इक मकान।

मम्मी ममता दी छाँव बनें,
दुखां तांई पल भर मैं हर।

पापा हिम्मत दी मजबूत ढाल,
जीवन राह दिखाइंडें हर हाल।

मम्मी रोटी प्यार नाल बनांदी,
भूख मेरी झट दूर भगांदी।

पापा मेहनत नाल कमांदे,
सपने मेरे सच्च करांदें बनांदे।

मम्मी दी गोद स्वर्ग समान,
पाया दा साया भगवान।

हर कदम ते साथ निभांदे,
सही-गलत दा भेद सिखांदे।

मम्मी-पापा बिना जीवन सुन्ना,
इना नाल ही मेरा सपना जुड़ा।

माँ-पापा
मेरा सबसे बड़ा
सहारा ♡



नाम :
रोल न.- : 12305
कक्षा – B-A- 3rd Year

"कविता, भावनाओं को शब्दों में ढालने की सबसे सुंदर कला है।"

Let Your
Thoughts Fly

पहाड़ों की मिट्टी से निकली शब्दों की खुशबू

हमारी बोली... हमारी पहचान

Pahadi Soch Badi Udaan

लिखते है अपनी बात अपनी भाषा में अपनी पहचान के साथ...

5 मेहनत री राह, मेरा सपना

छोटी सी उमर, बड़े अरमान
आंखां च सपने, दिल च जान।
रास्ता कठिन, पर हिम्मत पक्कंकी,
मेहनत मेरी साम्यां ते सच्ची।

भ्यागा-भ्यागा उठ के पढ़ना,
थक जाँदी हाँ, फिर भी लड़ना।
किस्मत नूं मैं दोष न देई,
मेहनत नाल ही पहचान बनेई।

लोग क्या कहंदे, मैं न सोचां,
अपने सपनां नाल ही जीना चाहां।
हार न मानू, चाहे जो हो जाए,
मेरा हौंसला कदी न डगमगाए।

इक दिन सूरज मेरा भी चमकेगा,
मेहनत दा फल जरूर ही मिलगेआ।
आज दी कुड़ी, कमजोर नी,
संघर्ष मेरा मेरी ताकत ऐ जी।



Name : Tamanna
Class : B.A. 2nd Year
Roll No. : 12404

मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती...

6 पढ़ाई ते दोस्ती, दूनूं भारी

कांगड़ा म्हां कॉलेज आले
सुबह आयांदे - आज तां पूरा पढ़ांगो।
दोपहर तांई - चल यार, चाय पी लां।
शाम तांई - अरे कल तां पूरा दिन ऐ।
किताब खोलदे ई नींद ऐसी आवे
जैंसी मां झूला दे रही हो।
पर मोबाइल हाथां आवे तां
नींद कहु नि पूछदी।

एग्जाम आवे तां सब संत बन जांदे -
"बस पास करवा दे भगवाना"।
और रिजल्ट आवे तां भगवान ने भी
सोच आ जांदी -
मैंनूं बीच म्हां क्यूं लाया।

पर फिर भी कॉलेज दी लाइफ मस्त ए -
थोड़ी पढ़ाई, बहुत सारी गप्पां,
ते यादों ऐसी
तो सारी जिंदगी हंसदी रहण।



नाम : प्रियंका देवी
कक्षा : बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल न. : 12416

दोस्ती वो दवा है ओ हर टेंशन की छुट्टी कर देता है...

7 एग्जाम टाइम

- हे मेरैया परमात्मा, जाला तां कॉलेज चालू होया ही था ए, पेपर कतां ते आई गे?
- ए कताबां तां पुरे पहाड़े बराबर नं
- कने उपरे ते एह सीनियर बोलदी वे कि डरना नी बढ़या जी, खुद ती सड़के जो तड़का लगाई कने, फोने नी चुका दे।
- मास्टर तां बड़े भोले-भाले लगदे थे पर पेपर हाथं च जांदे ही सांजो पता लगी मास्टरां दी असलियत।
- राती पढ़यो थे? दोस्त पुछदा
  हाँ... इंस्टाग्राम पर रीलां
- मासी करदी फोन - पुत्तर पढ़ाई ठीक चलियो ना?
  जसां बोलया - हाँ मासी, सब ठीक ठाक
  (ताल् तां मेरे फितर कृली गए)
- पास कितने नंबरां ते होदिं? ये गल तां मिजो पेपरे ते बाद लनी पता
- क्या करिर इक तां ठंड बड़ी, पेपर लिखना कियां, हाथ ठंडे सीगी जांदी च पानी, पर कण करिर हर बंदा नी समझाना ईंग्की स्टूडेंट दी कहानी
- राती पढ़ना बैठ तां, बच्चे रख्या फोन बोलदा जो मटिया मालका! मेरा भी है ख्याल, उपरे ते निंदरा जो भी तालू दी जीना हांदा तालू जसां पढ़ना बैठे
- कने दियां ही ये पेपर खत्म होदें, ये फीलिंग जांदी की कोई लाश ठिकाने लाई ती उन कोई चिंता नी
- पर ये खुशी तां तालू ही खत्म होई जांदी तालू मास्टर क्लासा च पेपर लेाई नेा जदें... पैले तां असां भी कमो दे, की ईढ़ी गयो न तोते।
- पर तालू जे पेपर मिलदे, कने 53, 54, 58 नंबर पुछदे जायो तां टॉपरां संती फीलिंग जींदी।
- टॉपर तां बोलदे कि मैं तां कुछ नी पढ़या कने नंबर दिखा 55, 56, 58! पर जसां तां बिना पढ़यो ही 55, 56, नंबर लेई लैदे। क्योंकि असां न पढ़िये हार नी मानदे।





Name : Ajay Kumar
Class : B.A. I
Roll No. : 12522

परीक्षा इर नहीं, एक नया अनुभव है...

8 असॉ दा मझीण कॉलेज

ऐ है बड़ा कमाल
एंथु मिलदा बड़ा ज्ञान
पौया एंथु दा टूट्या आंगन
पर मेहनत एंथु दी झूठी अंबर

मास्टर एंथु दे बड़े दिमागदार
जेंडे बच्चे या जो बड़े ज्ञान भेजेदार
एंथु मिलदा नाओ ते नोआ लेक्चर
जेड़ा सबना जो दिंदा नई अक्कल

एंथु दे ना रूकदे मेहनती बच्चे
ना रुकदे मेहनती मास्टर
ताई ता इस कॉलेज दा
ना जाणी पाया सारा हिमाचल।



Name : Samiksha
Class : B.A. 2nd year
Roll No. : 12402

"कॉलेज सिर्फ इमारत नहीं, हम सपनों की शुरूआत है।"

9 सैर हिमाचले दी

मण्डी दी शिवरात्री कने कुल्लू दा दशहरा,
दिन रात रैंदा पुलसा दा पहरा।

शिमले दी चढ़ाई कूने जास्थु दा मंदिर,
दर्शन करने वालें जो तंग करदे बंदर।

स्पीतिया दी ठंड कने किन्नौर दी घाटी,
बिलासपुरे दी छिंज ता सिरमौरे दी नाटी।

हमीरपुरे दे स्कूल कने ऊने दी मशीन,
पाणी दी तंगी रैंदी चाहे ओ बरसाती दा महीना।

सोलन दी खेती कने सब्जी दे ढेर,
बस हुण होई गई हिमाचले दी सैंर।

छोटा राज्य बड़ी पहचान



Name : Shabnam
Roll No. : 12114
Class : B.A. 2nd year

सैर करो, संस्कृति से जुड़ो, हिमाचल को महसूस करो...

छोटी-छोटी कविताएँ
बड़ी-बड़ी बातें

हमारी बोली... हमारी पहचान

अपनी मिट्टी... अपने शब्द... हमारी संस्कृति

पढ़ो
लिखो
सोचो
आगे बढ़ो...

10 मेरा चश्मा

साफ नजर
उज्वल भविष्य ♡

मेरा चश्मा नके पर बैठदा
फ़िरी अखियां साफ-साफ सुजदा
मेरा चश्मा मेरा प्यारा साथी
मेरी अखां दा रखवाला
पढ़ने-लिखने च मेरी मदद करदा।

चश्मा लगाई करी
किताब-कापी बोर्ड सारा
सारा साफ सुजी जाएं
बिना चश्मे मेरा काम अधूरा

चश्मा लगांई करी सब काम
ओई जाएं पूरा।

मैं उसदा ख्याल रखदी
वह मेरी अखां दा ख्याल रखदा।

चश्मा लगांई ने मैं लगदी सौणी
इसके बिना मेरा काम नी सरदा

मेरा चश्मा मेरा दोस्त
इसके बिना मिंजो नी कोई ओश।

DREAM
STUDY
FOCUS
DISCIPLINE
SUCCESS

Good Vision Brighter Future

Name : Neha Devi
Class : B.A. III
Roll No.: 12309

11 कुड़ियाँ वास्ते लोकाँ दी सोच

आजकल देयां लोकाँ दियां होयां सोचां खराब,
चाहदें सिर्फ मुण्डू, चाहे बड़ा होई न पीए शराब।

जे जन्मी कुड़ी तां लगदे रोणा झट्,
जमयां मुण्डू तां खोआदे लोकाँ जो भात।

जे कुड़ी आए घरा जो लेट
तां दसदे जैसा जो सेठी
कने जे मुण्डू आए लेट तां
उस्सियो देनी शाबाशी।

कुड़ियाँ जो करना पौंदै सारे काम,
चाहे सैं होए ठाणेदार।

मुण्डू करदे राज, चाहे सैं होण तियांड़ीदार।

आजकल देयां लोकाँ विच फैलियो ए बीमारी,
इहां बीमारी दा करा नाश,
नई तां होई जाना ईसा दुनिया दा बिनाश।

बेटी बोझ नहीं,
भविष है ♡

EDUCATE
RESPECT
SUPPORT
EQUAL
OPPORTUNITIES

Name : Bharti
Class : B.A. II Year
Roll No.: 12405

12 चाचा

गांव की मिट्टी
अपने लोग ♡

1. बस भेड़ां बकरियाँ ही चारदा चाचा
   कने खेशियो बड़ियां भगारदा चाचा
2. घरे बारे दी कदी सैह फिक्र नी करदा
   गल्लां करदा कुसी ते नि हारदा चाचा
3. न्याणेयां दिया फीसा दी नी परवाह
   कने फोकियां बुड़का मारंढ़ा चाचा
4. चाची मजदुरियाँ करी, घर चला करदी
   कजों सप्पै सांई मणे खलारदा चाचा
5. सराबा पी-पी नालो-गौंहरां पई रैंहदा
   सूपणे दिखी उंहरियां मारंढ़ा चाचा

हर गाँव में एक चाचा होता है
जो कहानियों में जिंदा रहता है...

Name : Aanchal Kumar
Class : B.A. 3rd yr
Roll No.: 12319

13 पुराणे दिन

पुराणे दिन
हमेशा खास...

"पुराणे दिन याद आई गे"

पुराणे दिन याद आई गे
इतवारे आते दिन देखनी रंगेली कने शक्तिमान,
लुकने-लुकने री खेला खेलनी कने रेडियो पर सुनने गाने।

पुराणे दिन याद आई गे
रोज पैदल स्कूला जाना कने मास्टरा ते खानी मार,
गर्मियां च खड्डा नोणा कने बनना बड़े तैराक।

पुराणे दिन याद आई गे
स्याणेयां ले बैठी ने सुननी कहानियाँ
इक था राजा कने इक थी रानी
दोनाँ मरी गे खत्म कहानी

स्कूला जाना तां रपईये लेने दो,
कने इक रपईये री खानी टाँफिया चार,
पुराणे दिना री आई गे याद।

बचपन
की
यादें...

नाम : अंशिका
कक्षा : बी.ए. तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक: 12325

14 कुत्ते दा प्यार

वफादारी
का दूसरा नाम
कुत्ता ♡

कुत्ता सच्चा दोस्त कहांदा,
बिना मतलब प्यार निभांदा।
मालिक आवै जद घर आंदा,
पूँछ हिलाई खुशी दिखांदा।

भूखा रह के बी मुस्कांदा,
मालिक खातर सब सह जांदा।
ना धन मांगे, ना सम्मान,
बस प्यार चाहिदा हर इक जान।

रातीं जागे घर दी रखवाली,
नींद छोडै करैं चौकसी सारी।
दर्द समझै बिना बोले,
आँखा च अपनापन घोले।

जान दे दे पर धोखा ना दे,
सच्ची वफादारी सबक सिखा दे।

सच्चे दोस्त
कभी नहीं
छोड़ते...

नाम : आकाश राणा
कक्षा : BA II Year
रोल न.: 12421

हमारी संस्कृति... हमारी ताकत... ♥

पढ़ते रहो
बढ़ते रहो

अपनी बोली... अपनी पहचान...

पहाड़ों की माटी, शब्दों की खुशबू

हमारी संस्कृति... हमारी शक्ति...

लिखिए अपनी माटी की बात... बचाइए अपनी बोली का साथ...

15 खेलां दी शान

(कांगड़ी कविता)

खेलो खुश रहो स्वस्थ रहो

खेलां खेड़ां जीवन शें सार,
तंदुरस्ती सै असली आधार।
मैदानां विच पसिना बहे,
मैहनत सूं सपना सचो।
फुटबॉल, कबड्डी, क्रिकेट खेल,
जांदटी मजबूत हावें मेल।
हार-जीत सूं ना डराई,
खेल सिखावें आगे बढ़ाई।
कांगड़ा धरती वीरां दी माटी,
खेलां सूं बुंनदी मजबूत काठी।
आओ मिलके खेलां अपनाऊँ,
सेहत, एकता संग लाई।



नाम – कविता देबी
रोल न.- 12410
कक्षा – BA 2nd year

16 सैर हिमाचले दी

मंडी दी शिवरात्रि कने कुल्लू दा दशहरा,
दिन-रात रैंदा पुलसा दा पहरा।
शिमले दी चढ़ाई कने जाखू दा मंदिर,
दर्शन करने वालें जो तंग करदे बंदर।
चंबे दा चौगान कने मिंजरां दे मेले,
दिखी-दिखी नी ठकड़े कई अलबेले।
कांगड़ां दी सड़का कने बसां दी होड़,
लोक भी नी दिखड़े देई दिनेंदे दौंड़।
स्पीति दी ठंड कने किन्नौर दी घाटी,
बिलासपुरे दी छिंज ता सिरमौरे दी नाटी।
हमीरपुरे दे स्कूल कने ऊंने दी मशीन,
पाणी दी तंगी चाहे ही बरसाती दा महीना।
सोलन दी खेती कने सब्जी दे ढेर,
बस हुण होई गई हिमाचले दी सैंर।



मेरा हिमाचल मेरी शान

Name : Payal
Class : B-A- 1st
Roll No-: 12502

17 माँ बाप रा प्यार

माँ-बाप जीवन री सबसे बड़ी दौलत

माँ बाप रा प्यार दुनिया रा अनमोल तोहफा,
मेरे खातिर तिन्हा रे बिना अधूरा ये संसार।
माँ रा आँचल कने बाप रा प्यार,
कदी तिन्हा री झिड़का कने कदी तिन्हा रा दुलार।
माँ देंदी मुश्किलां नु लड़ने री शक्ति फिर जिवानी च
कठनाईयाँ नुं किया अहाँ पर वार।
लड़ खड़ेये पैर मेरे पर संभाली गये, मेर लेया माँ बाप रा प्यार।
माँ बाप हुंदे बच्चेया री शक्ति
कने माँ बाप रे बिना अधूरी अहाँ री शक्ति।
साय्यां जो भी मिल्दा माँ बाप रा प्यार,
माँ बाप रा प्यार दुनिया रा अनमोल तोहफा।



नाम – खुशी चौधरी
कक्षा – बी.ए. तृतीय वर्ष
रोल न.- 12301

"माँ-बाप हैं तो सब कुछ है...

18 कुदरत माँ

प्रकृति है तो जीवन है

डांडा-डांड़ा हरियाली छाई, कुदरत दी शान निराली।
नीले गगन तले धरती हैंसे, लागे सोहणी प्यारी।
खड़ो बौल मीठा पानी, पच्धरां नाल टकराई।
सूरज चन्दा पहाड़ां माथे, सुनहरी रोशनी लाई।
ठंड़ी-ठंड़ी पवन चल्ले, मन जू शांति दे जाई।
वासना भरेग फुलां दी फैली जांदी, हर ऋत रंग सजाई।
चिड़ियां चहकण डाल-डाल, गीत खुशी दे गाव।
घासां विच ओस दी बुँदा, मोती बन-बन जाव।
माटी दी खुशबू साँसां खिचों, जीवन रस भर जांदी।
बरखा आवे ढोल बजावे, धरती नाचन लांदी।
ज़ंगला, नदियां, पहाड़ सबों, कुदरत दे पहरेदार।
इन्हां विन मानव अधूरा, ए सच्चा है विचार।



नाम – रुचिका
रोल न.- 12311
Class – B.A- 3rd Year

कुदरत बचाओ भविष्य सजाओ

19 बुजुर्गो री सीख

आसा रे बुजुर्ग हुंदे बड़े ही काजिल,
तिन्हा जो हुँदा तजुर्बा जिन्दगी दा।
सेहां तजुर्बा तिन्हा आगे जो सिखाया,
ज्यादा कहो अपनी आपबीती सुनाणा।
बुजुर्ग हुंदे खज़ाना संघर्ष रा,
जिवणा रे जज्बे रा सौंगा बाटा रे पाधर रा।
सारी जिदगी अपनी गरीबी च बिताई,
छलियां कहे छाछ पीयी कहे
भूख अपनी मिटाई।



खेतां काम कमाई कहे धन कोदर बाई कहे,
खिंड खांडोलुआ च सोई कहे नींद मीठी आवंदी।
रिश्ते-नाते निभांद वे चावां कहे,
नाटी रा फेरा पावां थे पूरें गाँवा कहे।
बुजुर्गों री सीख बड़ा कुछ सिखांदी
कदी आसां जो नी भटकांदी।
बुजुर्गों री सीख आसा सभी जिन्दगी-क्षा च याद रखणी
अपं भी निभावणी सोधी आपणी आपणी
आड़ी पीदी जो भी सिखाणी।

बुजुर्गा हमारी जड़ें हैं

नाम – सिम्मी बाला
रोल न.- 12307
कक्षा – तृतीय वर्ष

परंपरा से ही भविष्य का निर्माण होता है...

अपनी बोली अपनी शान

Himachal My Pride

हमारी संस्कृति... हमारी पहचान...

मीडिया रिपोर्ट

IN NEWS

हमारी गतिविधियाँ – समाज की नज़र में

सशक्त समाज सशक्त युवा सशक्त कल

सकारात्मक पहचान हमारी शक्ति

छात्रों को परीक्षा तैयारी के दिए अहम टिप्स



मझीण। राजकीय स्नातक महाविद्यालय मझीण के टैलेंट मेटरिंग प्रोग्राम तथा करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डा. सविका के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में फ्रीडम फाइटर पंडित सुशील रतन राजकीय महाविद्यालय ज्वालामुखी से प्राचार्य डाक्टर चंदन भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। डाक्टर चंदन भारद्वाज ने विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नियमित रूप से पानी पीना, पर्याप्त नींद लेना तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाना सफलता की पहली शर्त है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ लेखन अभ्यास और परीक्षा में प्रभावी प्रस्तुतीकरण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य सतजीत जम्वाल के साथ प्रो. आरती गुप्ता, डा. मुक्तामणि, डा. नीलम, प्रो. मांडेगी एवं प्रो. लक्की भी उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल Fri, 20 February 2026 https://epaper.divyahim

मझीण कालेज में विधायक ने होनहारों को बांटे इनाम



मझीण कालेज में साइबर क्राइम-सड़क सुरक्षा पर तेवर



मझीण। राजकीय स्नातक महाविद्यालय मझीण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता विषयों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सविका के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला शिकायत निवारण समिति एवं सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर पुलिस थाना मझीण से एसएचओ सोनल कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ एसआरएसआई विक्रम सिंह एवं राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। व्याख्यान के दौरान एसएचओ सोनल कुमार ने घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं के अधिकारों, साइबर अपराधों तथा सहायता के उपलब्ध साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राध्यापकगण एवं अन्य छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर डॉ. आली गुप्ता, डा. मुक्तामणि, डा. नीलम, डा. मांडेगी एवं डा. लक्की भी उपस्थित रहे। अंत में प्रो. आरती गुप्ता द्वारा पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया गया।

दिव्य हिमाचल Sun, 22 February 2026 https://epaper.divyahimach

छात्रों ने बेकार बीजों से तैयार की आकर्षक सामग्री



मझीण: कार्यक्रम के दौरान कालेज के छात्र सामूहिक चित्र में

मझीण। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मझीण के इको क्लब द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा अपशिष्ट सामग्री के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. सविका के मार्गदर्शन में किया गया। इसी संबंध में प्रो. मुक्तामणि ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बेकार पड़ी वस्तुओं जैसे प्लास्टिक बोतलें, पुराने अखबार, गत्ते आदि से आकर्षक एवं उपयोगी सामग्री तैयार की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रो. मुक्तामणि ने बताया कि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा विद्यार्थियों ने यह पहल आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

दिव्य हिमाचल Sat, 14 February 2026 https://epaper.divyahim

अमर उजाला Kangra 11-03-2026



अमर उजाला Kangra 14-02-2026

बेकार बोतलों से बनाई उपयोगी वस्तुएं

ज्वालामुखी (कांगड़ा)। मझीण कॉलेज के इको क्लब द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और अपशिष्ट सामग्री के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' गतिविधि का आयोजन किया गया। डॉ. सविका के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बेकार पड़ी प्लास्टिक बोतलों, पुराने अखबारों और गत्ते से आकर्षक व उपयोगी वस्तुएं बनाईं। इको क्लब समन्वयक प्रो. मुक्तामणि ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। संवाद

राजकीय स्नातक महाविद्यालय मझीण में स्वरंग की धूम

"जागरूक समाज सशक्त भविष्य"

Small Steps Big Change

मझीण में साइबर अपराधों से बचाव बारे बताया



सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियाँ









Culture Connects People Builds Better Tomorrow





Our Culture Our Pride









Tradition Creativity Unity

खेल एवं सह शैक्षणिक गतिविधियाँ






















वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह


SSCA CULTURAL FUNCTION


H.P. University Youth Festival Group III
12 NOV. TO 14 NOV. 2024
GAUTAM COLLEGE
HAMIRPUR



Principal With Editorial Board



Principal With Teaching Staff



Principal with Ministerial Staff